Principal

Vikramajeet Singh Sanatan Dharm College, Kanpur-208002
Grade "A" Accredited By NAAC
Phone (Office):0512-2562613
Website : www.vssdcollege.ac.in
e-mail:prin vssd@rediffmail.com
info@vssdcollege.ac.in

## हिन्दी विभाग

संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रम

कार्यक्रम/पाठ्यक्रम का नाम :

एम.ए. (हिन्दी) एवं पीएच.डी. (हिन्दी)

पाठ्यक्रम के परिणाम :

एम.ए. हिन्दी एवं पीएच.डी. हिन्दी पाठ्यक्रमों को संचालित किए जाने के परिणाम हैं कि ये विद्यार्थियों को प्रबुद्ध संवेदनशील सुसंस्कृत मूल्यनिष्ठ एवं कर्मठ भारतीय नागरिकों के रूप में तैयार करते हैं। विद्याध्ययन के अनन्तर वे राष्ट्रीय जीवन के विविध क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान करते हुए अपने समाज को पहले से अधिक ज्ञानवान् कर्तव्यनिष्ठ न्यायप्रिय सुन्दर और समर्थ बना सकते हैं।

कार्यक्रम के विशिष्ट परिणाम :

साहित्य वही श्रेष्ठ माना गया है जिससे गंगा नदी के समान सबका हित होता हो। इसलिए उपर्युक्त पाठ्यक्रमों का गहन एवं व्यापक ज्ञान अकादमिक प्रशासनिक एवं पत्रकारिता जगत की सेवाओं के लिए सुयोग्य युवा पीढ़ी के निर्माण को सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही सुशिक्षित नवयुवक महत्त्वपूर्ण राजनेता समाजसेवी न्यायविद् अधिवक्ता लेखक कवि भाषा-वैज्ञानिक नाटककार अभिनेता सामाजिक-राजनीतिक एवं सांस्कृतिक चिन्तक संपादक प्रकाशक बहुराष्ट्रीय निगमों के प्रबन्धक और अधिकारी इत्यादि बनते हैं।

पाठ्यक्रम के विशिष्ट परिणाम :

एम.ए. हिन्दी का पाठ्यक्रम वर्तमान समय में चार सेमेस्टर में संचालित किया जाता है जिनके अन्तर्गत कुल अठारह प्रश्नपत्रों का अध्ययन-अध्यापन होता है जो इस प्रकार हैं :

Principal

Vikramajeet Singh Sanatan
Dharm College,Kanpur–208002
Grade "A" Accredited By NAAC
Phone (Office):0512-2562613
Website :www.vssdcollege.ac.in
e-mail:prin_vssd@rediffmail.com
info@vssdcollege.ac.in

एम.ए. हिन्दी पहला सेमेस्टर

हिन्दी काव्य का इतिहास

साहित्यालोचन

प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

कथा साहित्य

एम.ए. हिन्दी दूसरा सेमेस्

हिन्दी गद्य का इतिहास

हिन्दी नाटक तथा एकांकी

मीडिया लेखन

भाषा प्रौद्योगिकी

लघु शोध परियोजना

एम.ए. हिन्दी तीसरा सेमेस्टर

आधुनिक हिन्दी काव्य

कथेतर गद्य साहित्य

रचनाकारों का विशेष अध्ययन :

;क) कबीरदास

;ख) तुलसीदास

;ग) जयशंकर प्रसाद

;घ) प्रेमचन्द

साहित्य एवं सिनेमा

एम.ए. हिन्दी चौथा सेमेस्टर

अस्मितामूलक विमर्श

नीतिकाव्य

भारतीय साहित्य

**Principal**

Vikramajeet Singh Sanatan
Dharm College,Kanpur–208002
Grade "A" Accredited By NAAC
Phone (Office):0512-2562613
*Website* :www.vssdcollege.ac.in
*e-mail*:prin_vssd@rediffmail.com
info@vssdcollege.ac.in

हिन्दी के क्षेत्र लोक-शैलियाँ तथा लोक-साहित्य के विविध आयाम

लघु शोध परियोजना

उपर्युक्त समस्त प्रशनपत्रों के विधिवत् व्यवस्थित और विशद अध्ययन से विद्यार्थी हिन्दी काव्य और गद्य साहित्य के समग्र इतिहास की समेकित जानकारी अर्जित करते हैं। वे विभिन्न विधाओं यथा कहानी उपन्यास निबन्ध नाटक आलोचना आत्मकथा जीवनी संस्मरण रेखाचित्र रिपोर्ताज़ यात्रा-वृत्तान्त डायरी पत्र-लेखन इत्यादि में अब तक रचे गए और सम्प्रति रचे जा रहे श्रेष्ठ और अभिनव रचनात्मक साहित्य का गम्भीर अनुशीलन करते हुए उसे अपने और वृहत्तर समाज के जीवन से संदर्भित कर पाते हैं जो उनके अनुभव-संसार को अत्यन्त समृद्ध सार्थक और सुन्दर बनाता है। साहित्यालोचन के अन्तर्गत वे संस्कृत काव्यशास्त्र और पाश्चात्य काव्यशास्त्र का ज्ञान प्राप्त करते हैं जिससे उत्कृष्ट काव्य की देश-विदेश की सैद्धान्तिकी से उनका मानस आलोकित होता है। नीतिकाव्य विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों के प्रति सजग संवेदनशील और उदार बनाता है। भाषा प्रौद्योगिकी से वे एक ओर भाषा विज्ञान के विभिन्न आयामों से परिचित होते हैं तो दूसरी ओर इक्कीसवीं सदी में हिन्दी के विभिन्न रूपों जैसे प्रयोजनमूलक हिन्दी मातृभाषा राष्ट्रभाषा और राजभाषा हिन्दी को सीखते और उनमें प्रवीण बनते हैं।

मीडिया लेखन का अध्ययन विद्यार्थियों को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की दुनिया में बेहतरीन पत्रकार संवाददाता संपादक इत्यादि के रूप में अपना व्यक्तित्व गढ़ने के लिए प्रेरित और विकसित करता है। साहित्य एवं सिनेमा के अन्तरसम्बन्धों के सूक्ष्म अनुशीलन और विवेचना से वे व्यापक जनता से संवाद के इस अत्याधुनिक और बेहद समर्थ दृश्य-श्रव्य माध्यम के कल्पनाशील इस्तेमाल में अपनी बहुआयामी भूमिकाएँ तय कर सकते हैं। अस्मितामूलक विमर्शों के अन्तर्गत दलित स्त्री आदिवासी अल्पसंख्यक सबाल्टर्न अथवा निम्नवर्गीय किन्नर/ट्रांसजेंडर विमर्शों की जानकारी विद्यार्थियों को शोषित दमित और उत्पीड़ित सामाजिक वर्गों के उन्नयन और मुक्ति से जुड़ी नव्यतम वैचारिकी से सम्पन्न करती है। भारतीय साहित्य का

**Principal**

Vikramajeet Singh Sanatan
Dharm College, Kanpur–208002
Grade "A" Accredited By NAAC
Phone (Office):0512-2562613
*Website* :www.vssdcollege.ac.in
*e-mail*:prin_vssd@rediffmail.com
info@vssdcollege.ac.in

अध्ययन उन्हें बांग्ला ओड़िया और कन्नड़ जैसी प्रमुख भारतीय भाषाओं में रचित श्रेष्ठ साहित्य से परिचित कराता है और इस तरह भाषिक भिन्नता के बावजूद आत्मिक स्तर पर भारतीय साहित्य की एकता के दार्शनिक कारणों से अभिज्ञ बनाता है। हिन्दी के क्षेत्रों लोक-शैलियों और लोक-साहित्य का अनुशीलन शिष्ट साहित्य के समानान्तर लोक की विपुल और नवनवोन्मेषशालिनी सर्जनात्मकता से विद्यार्थियों को अभिमुख करके उन्हें अपने समाज का आवयविक बुद्धिजीवी यानी ऑर्गेनिक इंटेलेक्चुअलश बनाने में योगदान करता है।

एम.ए. के दूसरे और चौथे सेमेस्टर में श्लघु शोध परियोजनाओंश के अन्तर्गत विद्यार्थी समस्त प्रश्नपत्रों के पाठ्यक्रम से सम्बद्ध विभिन्न विषयों पर आधारित लघु शोध-प्रबन्ध भी प्रस्तुत करते हैं जो उन्हें गम्भीर और कुशल शोध-अध्येता बनाने की आधारशिला निर्मित करता है।

हिन्दी विभाग के अन्तर्गत पं. अयोध्यानाथ शर्मा शोध-केन्द्र भी संचालित किया जाता है जिससे जुड़कर बहुत-से शोध-अध्येता छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में पीएच.डी. उपाधि के लिए अध्ययन शोध आलोचना और अध्यापन के विभिन्न कार्यों में निष्ठा से संलग्न रहते हैं। ये हिन्दी की विविध विधाओं के रचनात्मक और आलोचनात्मक साहित्य के अनेक आयामों पर मूल्यवान काम कर रहे हैं और भविष्य में सुयोग्य बुद्धिजीवी शिक्षक पत्रकार प्रशासक और समाजसेवी बनकर राष्ट्र-निर्माण में महती भूमिका निभाएँगे हिन्दी विभाग निरन्तर ऐसा सारस्वत प्रयत्न और शुभकामना करता है।

Principal
V.S.S.D. College
KANPUR